# आदेश पत्रक

(देखें अभिलेख हस्तक, 1941 का नियम 129 )

आदेश पत्रक सं0– ........................................................................ से ........................................................................

जिला – गिरिडीह, अंचल – धनवार, विविध वाद सं0– 28 / सन–2025– 26

केस का प्रकार – विविध वाद

| आदेश का क्र0 सं0 और तारिख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे मे टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 16.06.2025 | –:आदेशः –<br>यह विविध वाद अभिलेख सं0– 28 / 2025– 26 आवेदक धीरज कुमार, पिता– विरेन्द्र कुमार अग्रवाल, साकिन– धनवार, थाना– धनवार, जिला– गिरिडीह के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में अंचल निरीक्षक, धनवार के माध्यम से राजस्व उपनिरीक्षक हल्का सं0– 07, श्री रामलखन मिस्त्री के द्वारा समर्पित जॉच प्रतिवेदन के आधार पर संधारित किया गया है।<br>जॉच प्रतिवेदन अनुसार अचंल धनवार अन्तर्गत मौजा– उपरैली धनवार, थाना नं0– 213 के भौतिक पंजी– II के भाग सं0– VII, पृष्ठ सं0– 57 पर विरेन्द्र कुमार अग्रवाल, पिता– कैलाश प्रसाद अग्रवाल, साकिन– धनवार के नाम से जमाबंदी दर्ज है। परन्तु ऑनलाइन पंजी– II में उक्त जमाबंदी दर्ज नहीं है।<br>पुनः प्रतिवेदित करते है कि दाखिल खारिज वाद सं0 250 /94–95 के द्वारा 3 मौजा यथा 1. मौजा– धनवार / 214, 2. मौजा– उपरैली धनवार / 213 एवं 3. मौजा– चादगर / 200 की भूमि का एक साथ जमाबंदी धनवार मौजा के पंजी–II के भाग सं0– II के भाग सं0– 7 पेज नं0– 57 पर कायम है। ऑनलाईन में तीनों मौजा की भूमि का अलग–अलग जमाबंदी कायम किया गया जाना आवश्यक है।<br>उन्होने प्रतिवेदित किया है कि केवाला अनुसार मौजा धनवार / 214 के भाग सं0–7 पृष्ठ सं0–57 पर कायम जमाबंदी मे से मौजा उपरैली धनवार / 213 का खाता नं0–5 प्लॉट नं0 285, 272, 302, 306 का कुल रकवा 17.5 डी0 भूमि का ऑनलाईन जमाबंदी मौजा– उपैरली धनवार के ऑनलाईन पंजी– II में कायम करने की अनुशंसा की जाती है।<br>आगे प्रतिवेदित करते है कि केवाला अनुसार मौजा धनवार /214 के भाग सं0–7 पृष्ठ सं0– 57 पर कायम जमाबंदी में से मौजा चादगर / 200 का खाता सं0 –15 प्लॉट नं0 –104 रकवा– 0.5 डी0 भूमि का ऑनलाईन जमाबंदी मौजा– चादगर / 200 के ऑनलाईन पंजी– II में कायम करने की अनुशंसा की जाती है।<br>पुनः प्रतिवेदित करते है कि केवाला अनुसार मौजा धनवार / 214 के भाग सं0– 7 पृष्ठ सं0– 57 पर कायम जमाबंदी मे से मौजा धनवार / 214 के खाता संख्या– 230, प्लॉट सं0–104 रकवा 1.50 डी0 तथा खाता सं0– 258, प्लॉट सं0– 225, रकवा– 09 डी0 कुल दो प्लॉट का कुल रकवा– 10.50 डी0 भूमि का ऑनलाईन जमाबंदी मौजा–धनवार / 214 के ऑनलाईन पंजी– II में कायम करने की अनुशंसा की जाती है।<br>उपरोक्त जॉच प्रतिवेदन तथा अनुशंसा के आलोक में आम इस्तेहार निर्गत कर आपत्ति की मांग की गई। निर्धारित तिथि तक किसी के द्वारा कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। | |

3

अतः राजस्व उपनिरीक्षक, हल्का सं0– 07, श्री रामलखन मिस्त्री एवं अंचल निरीक्षक, धनवार से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन तथा अनुशंसा एवं आम इस्तेहार के उपरान्त निर्धारित समय तक कोई आपत्ति अप्राप्त रहने की स्थिति में निम्न निदेश दिया जाता है : –

1. मौजा धनवार/214 के भाग सं0– 7 पृष्ठ सं0– 57 पर कायम जमाबंदी मे से मौजा उपरैली धनवार/213 का खाता नं0–5 प्लॉट नं0 285, 272, 302, 306 का कुल रकवा 17.5 डी0 भूमि का ऑनलाईन जमाबंदी मौजा– उपैरली धनवार के ऑनलाईन पंजी– II में कायम करने का आदेश दिया जाता है।
2. मौजा धनवार /214 के भाग सं0–7 पृष्ठ सं0– 57 पर कायम जमाबंदी में से मौजा चादगर/200 का खाता सं0 –15 प्लॉट नं0 –104 रकवा– 0.5 डी0 भूमि का ऑनलाईन जमाबंदी मौजा– चादगर/200 के ऑनलाईन पंजी– II में कायम करने का आदेश दिया जाता है।
3. मौजा धनवार/214 के ऑनलाईन पंजी– II में कायम जमाबंदी जिसका भाग सं0– 7 पृष्ठ सं0– 57 है उसमें खाता संख्या– 230, प्लॉट सं0–104 रकवा 1.50 डी0 तथा खाता सं0– 258, प्लॉट सं0– 225, रकवा– 09 डी0 कुल दो प्लॉट का कुल रकवा– 10.50 डी0 भूमि का सुधार करने का निदेश दिया जाता है।
4. राजस्व उपनिरीक्षक हल्का सं0– 07 श्री रामलखन मिस्त्री/अंचल निरीक्षक, धनवार को निदेश दिया जाता है कि भौतिक पंजी – II में उपरोक्त आदेश के अनुरूप सुधार करना सुनिश्चित करेंगे।

संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक, हल्का सं0– 07 एवं अंचल निरीक्षक, धनवार को उपरोक्त आदेश का अनुपालन कर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश के साथ वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित।

16.06.25
**अंचल अधिकारी,**
**धनवार।**

16.06.25
**अंचल अधिकारी,**
**धनवार।**

Digitally signed by Gulzar Anjum
Date: 2025.06.18 09:23:28 +05:30
Location: 192.168.137.1